हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 40.6 डिग्री

न्यूनतम 28.5 डिग्री


12 एक महीने से बिजली-पानी के संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा






14 प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही भविष्य की समृद्ध कृषि की नींवः सीएम







## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे में घायल व्यक्ति के बयान पर 2 जून को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। वह हादसे के बाद मौके से फरार हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के नीमराना निवासी कपिल को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी कब्जे में ले लिया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 23 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद नांगल प्रतापुर निवासी हरगोविंद को गिरफ्तार कर लिया।

ढाई घंटे बावल रोड को किया जाम

महिलाओं ने बिजली निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

# एक महीने से बिजली-पानी संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में बिजली-पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों अंधड़ व बरसात के साथ खराब हुई बिजली व्यवस्था अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। करीब एक महीने से ट्यूबवैलों पर बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को न तो पीने को पानी मिल रहा है और न ही खेतों में सिंचाई हो रही है। ग्रामीणों के खेतों में खड़ी फसल पानी के अभाव में सूख रही है। बिजली-पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का मंगलवार को गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने बावल रोड पर अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि वे करीब एक महीने से बिजली की समस्या से जूझ रहे है। बिजली नहीं आने से पानी की भी किल्लत हो रही है। करीब ढाई घंटे तक लगे जाम के दौरान बावल रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर मॉडल टाउन एसएचओ रतन लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगाने वालो लोगों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर मार्ग पर डटे रहे। इसके बाद बिजली निगम के एक्सईएन संदीप कुंडू व एसडीओ विजयपाल भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को बुधवार से बिजली सप्लाई सुचारू देने का आश्वान दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

**जाम के दौरान मार्ग पर दोनों ओर लगी वाहनों की कतार**



रेवाड़ी। बावल रोड पर जाम लगाते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बावल रोड पर जाम लगाते हुए ग्रामीण व रुके हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों से मिल रहा सिर्फ आश्वासन

*मंगलवार दोपहर को बिजली संकट से परेशानी गांव छुरियावास, कमालपुर, भवाड़ी व करनावास के ग्रामीणों ने बावल रोड पर जाम लगा दिया। बावल रोड पर लगाए गए जाम में पुरुषों के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। महिलाओं ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने कहा कि पिछले एक महीने से बिजली के साथ पानी की समस्या से काफी परेशानी हो रही है। जेई व लाइनमैन फोन उठा नहीं रहे है और एसडीओ की ओर से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। इसलिए मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा है। सोमवार को गढ़ी बोलनी गांव के ग्रामीणों ने बिजली-पानी की समस्या को लेकर रेवाड़ी-कोटकासिम मार्ग पर जाम लगाया दिया था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।*

### जाम के दौरानी फंसी सिटी बस सेवा

बिजली-पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का जाम करीब ढाई घंटे तक लगा रहा। ग्रामीणों ने सड़क पर पेड़ों की झाड़ियां डालकर मार्ग रोक दिया तथा महिलाएं मानव श्रृंखला बनाकर मार्ग पर डटी रही। इस दौरान मार्ग के दौनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बावल औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनियों में कार्यरत कर्मचारी भी जाम में फंस गए, जिससे उन्हे ड्यूटी पर जाने में देरी हुई। जाम के दौरान रेवाड़ी से बावल चलने वाली इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा भी काफी देर तक जाम में फंसी रही, जिससे बस में बैठे यात्रियों को अपने गणतव्य पर पहुंचने में विलंब हो गया।



रेवाड़ी। महिलाओं को समझाते हुए एसडीओ। फोटो : हरिभूमि

### जेई के तबादले की उठाई मांग

जाम के दौरान ग्रामीणों ने डीएचबीवीएन एक्सईएन संदीप कुंडू को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें जेई अनिल कुमार के तबादले की मांग की गई। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने कहा कि बिजली नहीं आने पर जेई से संम्पर्क किया जाता है तो वे फोन नहीं उठाते है और अगर फोन उठ जाता है तो बदसलूखी से बात की जाती है। इस मौके पर रामरती, कोयल, सुशीला, वनीता, प्रियंका, रमेश, पवित्रा, रेखा, भागरती, संगीता, कृष्णा, मुन्नी, राजेश, कृष्ण, राजवंती, सुरेश व राकेश कुमार पंच सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। जाम के दौरान मार्ग पर रुकी हुई सिटी बस सेवा। फोटो : हरिभूमि

एडीसी बोले नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

# जलभराव से निपटने के लिए फील्ड में अधिकारी सीवर और नालों की सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आगामी मानसून सीजन में शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से नालों के सफाई कार्य की निगरानी की जा रही है। अधिकारी फील्ड में जाकर सफाई का निरीक्षण कर रहे है। मंगलवार को नोडल अधिकारी एवं एडीसी राहुल मोदी ने सेक्टर-4 क्षेत्र का दौरा कर नालों व सीवरेज लाइन की सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एडीसी राहुल मोदी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बड़े एवं छोटे नालों की सफाई निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण की जाए। मानसून से पूर्व नालों व सीवर लाइनों से गाद, कचरा एवं अन्य अवरोध पूरी तरह हटाना जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारू बनी रहे और कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से सफाई कार्य की निगरानी करने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और मानसून के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते किए जा रहे हैं।




रेवाड़ी। सेक्टर-4 में सीवरेज की सफाई का निरीक्षण करते एडीसी, सेक्टर-4 में नाले की सफाई का निरीक्षण करते एडीसी।

पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख से अधिक की ठगी करने के मामले में दूसरा आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गांव झाड़ौदा निवासी एक व्यक्ति से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 20 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुजरात के जिला सबरकंठा के गांव धरौद निवासी काला भाई के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 18 अप्रैल को गांव झाड़ौदा निवासी इंद्रजीत सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए विनोद कुमार नाम के व्यक्ति से संपर्क किया था, जिसके बाद उसे ट्रेडिंग करने के लिए करीब 15 दिनों की ट्रेनिंग कराई गई। उसे बताया गया कि एंगल-वन अकाउंट से ट्रेडिंग करने पर मार्जिन कम मिलता है। उसके दोस्त कुलदीप ने ब्रोकर के पास अकाउंट खुलवाया हुआ है, जिसमें लिमिट मार्जिन अधिक मिलता है। विनोद कुमार के नंबर देने के बाद उसने कुलदीप नाम के व्यक्ति से बातचीत की, तो उसने आयुष खन्ना नाम के ब्रोकर का नंबर दिया।



- आरोपी की पहचान गुजरात के जिला सबरकंठा के गांव धरौद निवासी काला भाई के रूप में हुई

### ठगी की रकम में से 5.21 लाख रुपये की राशि बरामद की थी

आयुष खन्ना से संपर्क होने के बाद उससे पैन कार्ड व दूसरे दस्तावेज मांगे गए और उसका ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया गया। शुरू में उसने 50 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। उसके खाते में 10791 रुपये प्रॉफिट दिखाया गया। इसके बाद उसने बार-बार ट्रांजेक्शन करते हुए 20 लाख 55 हजार रुपये ट्रेडिंग अकाउंट में जमा करा दिए। जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया, तो उसे कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद ठगों ने उसके फोन भी उठाने बंद कर दिए। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी गुजरात के जिला सबरकंठा के गांव खेड़ब्रह्मा निवासी शर्मा निलेश कुमार विनोद भाई को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी से ठगी की रकम में से 5.21 लाख रुपये की राशि बरामद की थी। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी काला भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के बैंक खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुए थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# ग्रीष्मावकाश के बाद आज से अदालतों में लौटेगी रौनक

- सिविल व आपराधिक मामलों की सुनवाई भी शुरू हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सिविल व आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली अदालतों में जून माह का ग्रीष्मावकाश 1 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। बुधवार से जिले की सभी अदालतें खुल जाएंगी और सिविल व आपराधिक मामलों की सुनवाई भी शुरू हो जाएगी। जिले की सिविल अदालतें गत एक जून से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बंद थी और 16 जून से आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली अदालतों में भी ग्रीष्म अवकाश की घोषणा 30 जून तक के लिए कर दी गई थी।

हालांकि आवश्यक कार्य निपटाने के लिए अवकाश के दौरान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अदालतों की व्यवस्था जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की हुई थी ताकि आवश्यक कार्यो के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े और वे न्याय से वंचित न रह सकें। ग्रीष्मावकाश के दौरान अदालत परिसर में एक तरह का सन्नाटा ही छाया हुआ था। आज से जिला अदालतें खुल जाने से फिर से रौनक लौट आएगी।

परिवार और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ खुशी मनाई तथा नवजात बेटियों को आशीर्वाद दिया

# जुड़वा बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन कर समाज को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के गांव खरसानकी में महिला पंच कविता के जुड़वा बेटियों के जन्म की खुशी में पारंपरिक कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज को संदेश दिया। इस अवसर पर परिवार और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ खुशी मनाई तथा नवजात बेटियों को आशीर्वाद दिया। महिला पंच ने बताया कि उनकी पहले से भी दो बेटियां हैं और अब उनके घर जुड़वा बेटियों का जन्म हुआ है। बेटियां भी परिवार की शान होती हैं और उन्होंने कभी लड़का और लड़की में कोई भेदभाव नहीं किया। समाज को भी बेटियों को बेटों के समान अधिकार देने चाीिए। कार्यक्रम में गांव के अनेक लोगों ने भाग लिया और नवजात बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान दादी संतोष देवी, दादा दलीप सिंह, पिता सचिन, ताऊ एवं पूर्व सरपंच सुनील कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।




रेवाड़ी। खरसानकी में कुआं पूजने जाती महिलाएं व परिवार के लोग।

### सुधराना रेलवे स्टेशन पर घायल मिले व्यक्ति की पीजीआई में मौत

**कोसली।** रेलवे स्टेशन सधराना के समीप घायल अवस्था में मिले 38 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। चरखी दादरी जीआरपी की जांच अधिकारी अनीता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति गत शुक्रवार को रेलवे लाइन के नजदीक घायल अवस्था में मिला था, जिसे लोगों ने उठाकर कोसली के अस्पताल में दाखिल कराया।

गंभीर हालत को देखते व्यक्ति को रोहतक पीजीआई रैफर किया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। व्यक्ति के शव को पहचान के लिए पीजीआई की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### आषाढ़ माह में भगवान शिव व विष्णु की पूजा का है विशेष महत्वः शास्त्री



**रेवाड़ी।** हिंदू पंचांग के अनुसार मंगलवार से आषाढ़ माह प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 14 जुलाई गुरु पूर्णिमा तक रहेगा। आषाढ़ माह में भगवान शंकर व भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य पंडित दलीप शास्त्री का कहना है कि आषाढ़ माह में भगवान शिव, विष्णुजी, सूर्यदेव, मंगलदेव, मां दुर्गा और हनुमान जी की पूजा करने से दोगुना पुण्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस महीने श्रीहरि की पूजा करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। उनका कहना है कि इस माह में नमक, छाता, आंवला और खड़ाऊं आदि का दान जरुरतमंदों को किया जाना चाहिए। अन्य वस्तुओं का दन भी किया जा सकता है। उनका कहना है कि आषाढ़ माह में गुप्त नवरात्र भी आते हैं, जिन्हें आषाढ गुप्त नवरात्र भी कहा जाता है और इसी माह में चातुर्मास प्रारंभ होता है। योगिनी एकादशी और देवशयनी एकादशी भी आषाढ़ माह में ही आती हैं। मान्यता है कि आषाढ़ माह से अगले तीन महीने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सूर्योदय से पूर्व इस माह में स्नान का भी विशेष महत्व है। आषाढ़ माह कामना पूर्ति का महीना भी कहा जाता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि आषाढ़ माह में अधिकांश यज्ञ करने का विधान है। यज्ञ करने से तुरंत फल की प्राप्ति होती है।

# जेपीएस में जैन मुनि का अभिनंदन विद्यालय परिसर का किया भ्रमण

- विद्यालय परिसर में लगाई गई लिफ्ट का उद्‌घाटन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में दिगंबर जैन मुनि विनम्र सागर महाराज का स्वागत किया गया। जैन मुनि ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर संसाधनों के लिए प्रबंधन समिति की सराहना की। इस मौके पर विद्यालय परिसर में लगाई गई लिफ्ट का भी उद्‌घाटन किया गया। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन की अगुवाई में नसियां जी में विराजमान जैन मुनि को विद्यालय भ्रमण का निमंत्रण दिया गया। जैन मुनि ने प्रबंधन समिति प्रधान, उपप्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, सदस्य विजय जैन, प्रद्युम्न जैन, रविंद्र जैन व निपुण जैन के प्रयासों के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा, उपप्रधानाचार्या विजय गुप्ता, अंकुर प्रभारी लीना मखीजा एवं शिक्षकों ने आरती उतारकर एवं मुनि प्रदक्षिणा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालन विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने किया।

जैन मुनि के साथ श्रद्धालुओं ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वातानुकूलित प्रधानाचार्या कक्ष, विद्याशरणालय सभागार, संतोष जैन आडिटोरियम, मेडिकल कक्ष, कंप्यूटर लैब, प्रबंधन समिति कक्ष व अंग्रेजी लैब का अवलोकन किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद जैन मुनि व समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10:30 बजे 75 मीटर सर्विस रोड पर आरपीएस स्कूल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के शव को पहले भिवाड़ी के सरकारी अस्पताल में रखवाया गया था।



अब मृतक युवक के शव को शिनाख्त के लिए रेवाड़ी के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है। मृतक की पहचान होने के बाद आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएवी महिला कॉलजे में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई पूर्व मंत्री की जयंती



रेवाड़ी। स्व. राव रामनारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

**कोसली।** मंगलवार को पूर्व मंत्री स्व. राव रामनारायण की 113वीं जयंती डीएवी महिला महाविद्यालय में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। पूर्व मंत्री ने अपनी जमीन दान देकर इस भवन का निर्माण कराया था। जहां हजारों बेटियां शिक्षा ग्रहण कर चुकी हैं। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन से हुई। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री ने अपनी निजी जमीन और धन कन्या कॉलेज को समर्पित कर बेटियों का भविष्य बनाया। वक्ताओं ने उनकी ओर से कोसली में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि 1978 में तहसील व 1989 में कोसली को सब डिवीजन बनवाने के लिए संघर्ष किया। वे कहते थे कि बेटी पढ़ेगी तो कोसली बढ़ेगा। इस मौके पर रामफल यादव, राजीव पंच, ओमप्रकाश डाबला, अनिल यादव, रिटायर्ड प्रिंसिपल शीला यादव, दयानन्द आर्य, सूबेदार राज सिंह आर्य, राम सिंह आर्य, बिमला देवी, धर्मबीर, राजेन्द्र सिंह पंच व अभयसिंह उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### छात्रा ने प्रकृति संवर्धन के लिए शुरू की पहल

**रेवाड़ी।** गांव हांसाका निवासी छात्रा समीक्षा ने प्रकृति संवर्धन के लिए नागरिकों से अपील करते हुए एक पहल शुरू की है। समीक्षा केंद्रीय विद्यालय कोनसीवास में कक्षा-4 की छात्रा है। समीक्षा ने कहा कि जब भी हम घर में फल खाते हैं, तो उनके बीज कूड़ेदान में फेंक देते है, जबकि उन्हें एकत्रित करके संभाल कर रखना चाहिए। छात्रा ने कहा कि जब भी आप किसी हिल स्टेशन, जंगल या शहर से बाहर जाएं, तो घर में एकत्रित किए गए बीजों को पहाड़ों या जंगल के इलाके में डाल दें। छात्रा ने कहा कि हम इन बीजों को ऐसी जगह पर डालेंगे तो मानसून आते ही ये बीज उग कर पेड़ का रुप लेंगे, जिससे जंगल में रहने वाले जानवरों का भोजन मिलेगा।

### आईजीयू व संबद्ध कॉलेजों में दाखिले शुरू

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में तीसरे सेमेस्टर व इसके आगे के सेमेस्टर के दाखिले के लिए विद्यार्थी निर्धारित प्रवेश शुल्क 20 जुलाई तक जमा करा सकते हैं। इसके पश्चात 21 जुलाई से 29 जुलाई तक 1000 विलंब शुल्क तथा 30 जुलाई से 10 अगस्त तक 2000 विलंब शुल्क के साथ दाखिले होंगे।

### ड्रेन व नालों की जल्द सफाई कराएं : एडीसी

**रेवाड़ी।** एडीसी राहुल मोदी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग व नगर परिषद विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सडकों के किनारे बनी ड्रेन व नालों की सफाई कराए, जिससे कि सडकों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग पर कोई सीवरेज लाइन जाम है तो तत्काल प्रभाव से सफाई की जाए। एडीसी मोदी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

### पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना मूल उद्देश्य

**रेवाड़ी।** अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के अंतर्गत एसडीएम सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम ने अनुसूचित जाति, जनजाति के तहत दर्ज हुए मुकदमों की समीक्षा की। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत सभी संबंधित मामलों में जांच प्रक्रिया को समयबद्ध पूरा किया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान 12 लाभार्थियों को 23 लाख 62 हजार 500 रुपए की राशि के वितरण पर भी चर्चा की।

## हिसार रेल मार्ग पर किशनगढ़ बालावास के पास की घटना

# चलती ट्रेन में निकल गया इंजन का हुक, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**बड़ा रेल हादसा टला, दोबारा इंजन को वापस लाकर जोड़े गए ट्रेन के डिब्बे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे जंक्शन से मंगलवार सायं श्रीगंगानगर के लिए रवाना हुई पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों की सांसे उस समय अटक गई, जबकि किशनगढ़ बालावास रेलवे स्टेशन के पास हुक निकलने के बाद इंजन ट्रेन के डिब्बों को छोड़कर आगे निकल गया। लोको पायलट ने इंजन रोककर उसे वापस ट्रेन के डिब्बों से जोड़ा। काफी देर तक लोग घबराए हुए नजारा देखते रहे।

गाड़ी संख्या 14030 पैसेंजर मंगलवार शाम 3.14 मिनट पर जंक्शन से श्रीगंगानगर के लिए रवाना हुई थी। हिसार रेल मार्ग पर जब ट्रेन किशनगढ़ के पास पहुंची, तो अचानक इंजन को डिब्बों से जोड़ने वाला हुक निकल गया। चूंकि इंजन के प्रेशर से डिब्बों के पहियों के ब्रेक खुलते हैं, इसलिए इंजन अलग होते ही बोगियां जाम हो गईं। रेल यात्रियों को अचानक ब्रेक लगने से झटका लगा। यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन से उतरकर यात्रियों ने देखा तो इंजन बोगियों से दूर निकल चुका था। लोका पायलट को भी प्रेशर डाउन होते ही तुरंत पता चल गया। उसने इंजन को बैक करते हुए वापस डिब्बों के पास लगाया। हुक को जोड़कर ट्रेन को आगे ले जाया गया।





रेवाड़ी। डिब्बों को छोड़कर आगे निकला ट्रेन का इंजन देखते लोग व इंजन छूटने के बाद लाइन पर खड़े डिब्बों के पास मौजूद यात्री। फोटो : हरिभूमि

**अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों को लगा तेज झटका, अनहोनी की आशंका से यात्रियों की बढ़ी घबराहट**

### रेलवे के अधिकारी भी पहुंचे मौके पर

सूचना मिलने के बाद रेल अधिकारियों के पसीने छूट गए। रेल विभाग के अधिकारी व जीआरपी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। सब कुछ ठीक होने के कारण अधिकारियों ने राहत की सांस ली। साथ ही इस मामले की जांच भी कराई जाएगी। जीआरपी एसएचओ कृष्ण कुमार ने घटना की पुष्टि की है, जबकि रेल अधिकारियों ने घटना के बाद फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझा।

### दो घंटे से अधिक देरी से चली थी ट्रेन

श्रीगंगानगर पैसेंजर ट्रेन का स्थानी जंक्शन से चलने का समय दोपहर 12:50 का है। मंगलवार को ट्रेन लेट थी। यह ट्रेन शाम को 3:14 मिनट पर रेवाड़ी से श्रीगंगानगर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन नंबर 14030 बीकानेर मंडल की है। घटना की जांच बीकानेर मंडल के अधिकारी ही करेंगे। इस मामले में कुछ कर्मचारियों पर भी लापरवाही की गाज गिरने की पूरी संभावना है।


## डाइट से सेवानिवृत्त हुए डॉ. बीर सिंह को दी भावभीनी विदाई

**रेवाड़ी।** मंगलवार को डाइट हुसैनपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह सेवानिवृत हो गए। जहां एक ओर सेवानिवृत्ति पर अधिकांश अवसरों पर बढ़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं बीर सिंह ने अपनी सेवानिवृत्त पर फिजुल खर्च नक कराकर प्रेरक पहल की है। डाइट प्राचार्य जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार दहिया ने बीर सिंह को सेवानिवृत्ति पर बधाई दी। वरिष्ठ प्राध्यापक ने अपने तीन दशक से ज्यादा के कार्यकाल में खोरी के सरकारी स्कूल से 30 दिसंबर 1993 में भौतिकी के प्राध्यापक के रूप में यात्रा प्रारंभ की, जिसके बाद 2 जून 2017 को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हुई, फिर 15 जनवरी 2018 से सेवानिवृत्ति तक डाइट हुसैनपुर में उत्कृष्ट सेवाएं दीं। डाइट में आईएफआईसी विंग के इंचार्ज होने के नाते उन्होंने जिले के कक्षा छठी से 12वीं के सभी विषयों के अध्यापकों, प्राध्यापकों, मौलिक मुख्याध्यापकों, मुख्याध्यापकों तथा प्राचार्यों को नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए विभिन्न प्रकार के विभागीय प्रशिक्षण दिलाने के कार्य में केंद्रीय भूमिका निभाई। करीब दस बार रक्तदान कर चुके डा. सिंह आध्यात्मिक चिंतन तथा जीव-जंतुओं की सेवा के लिए विख्यात रहे हैं। जिले के ढाणी शोभा गांव में पिता कप्तान अमर सिंह व माता भगवानी देवी के घर जन्मे बालक बीर सिंह बचपन से ही कुशाग्र प्रतिभा के धनी रहे। उनकी पत्नी रचना राव पंजाब नेशनल बैंक में प्रबंधक के तौर पर सेवारत हैं, वही उनके पुत्र डा. अश्विनी लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली में आथोर्पेडिक सर्जन व पुत्री डा. अर्चिता प्रकाश डेंटिस्ट हैं। शिक्षा विभाग तथा समाज के अनेक संगठनों ने डा. बीर सिंह के शिक्षा विभाग में योगदान पर बधाई दी है।



रेवाड़ी। बीर सिंह को सेवानिवृत्ति पर बुके प्रदान करते स्टाफ सदस्य।

## जागरण में संत कबीर की शिक्षाओं और अमृतवाणी ने किया मुग्ध



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव खेड़ी रामगढ स्थित सतगुरु कबीर आश्रम में दो दिवसीय कबीर प्रकटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम के संचालक महंत बाबूलाल दास तथा सहसंचालिका प्रेमलता की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत संत कबीर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई। आश्रम के महंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। समालखा कमल कुटिया से कबीरपंथी महंत सुंदर लाल व उनकी संगत ने रात्रि को जागरण में सतगुरु कबीर की शिक्षाओं और अमृतवाणी का गुणगान किया। उन्होंने कबीर दास के भजन और दोहे सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। संत सज्जन दास रावली, सुशांत भारती नागा, बालधन खुर्द, सर्म्पणानंद, संत किताबों देवी टांकड़ी, सतपाल नरवाल पानीपत, किशोरी लाल धालीवाल ड्योढ़ी व महाबीर दास रामगढ़ ने भी कबीर के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास किसी एक धर्म या जाति के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के पथ-प्रदर्शक थे। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल नारनौल, नारायण शर्मा नारनौल, नंबरदार सूबे सिंह, विजय कुमार यादव, बलबीर सिंह यादव, रिटायर्ड मैनेजर चांदराम बहरमपुर, रिटायर्ड एसआई प्रताप सिंह तथा सामाजिक संगठन आवाज फाउंडेशन हरियाणा के प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारत की अटूट एकता व मजबूत संकल्प की जीवंत प्रतीक है स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा विधानसभा की पैटिशन कमेटी ने मंगलवार को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण किया। प्रशासन की ओर से समिति सदस्यों का स्वागत किया गया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर समिति सदस्यों ने भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धापूर्वक याद किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवल विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा नहीं, बल्कि भारत की अटूट एकता, मजबूत संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण का ऐतिहासिक कार्य किया। विधायक ने कहा कि आज जब हम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के समक्ष खड़े हैं, तब यह स्मारक हमें राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक जनप्रतिनिधि और नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा हमें सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रख कार्य करने की प्रेरणा देता है।



रेवाड़ी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास हरियाणा विधानसभा की पैटिशन कमेटी।

## नगर पालिका अटेली के जेई मनीष कुमार किए निलंबित

**मंडी अटेली।** नगरपालिका अटेली में तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) मनीष कुमार को विभागीय अनियमितताओं और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह कार्रवाई प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। जानकारी के अनुसार नगरपालिका कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कुछ मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी और विभागीय नियमों के पालन में अनियमिताएं बरती जा रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उच्च स्तर से मामले की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित कर्मचारी द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने और कार्य के प्रति उदासीनता पाए जाने पर विभाग ने उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया। प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के लिए विभाग ने नांगल चौधरी के जेई सुनील कुमार को अटेली नगरपालिका का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

- सुनील कुमार को मिला अतिरिक्त कार्यभार

## 20 साल अनियमित रखना अध्यापकों के साथ अन्याय



**नारनौल।** राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ एवं हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया) के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर अनुबंधित एवं अतिथि अध्यापकों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल व धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चले धरने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को तत्काल लागू करने की मांग उठाई गई। धरने की संयुक्त अध्यक्षता अमीलाल कसाना और कौशल कुमार ने की। वक्ताओं ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 27 मई 2026 को सीडब्ल्यूपी संख्या 5686-2016 (सुखविंदर सिंह एवं अन्य) मामले में स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा है कि शिक्षकों को 20 वर्षों तक अनियमित रखना अन्यायपूर्ण है। न्यायालय ने 16 व 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों के तहत दो माह के भीतर अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के निर्देश भी दिए हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

## बैंकों को समय से लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।

एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बैंकर्स व आरसेटी सलाहकार समिति की समीक्षा तिमाही बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक जेपी यादव ने इस तिमाही की रिपोर्ट पेश की। बैठक के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बैंक-वार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा ऋण जमा अनुपात को न्यूनतम 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित ऋण आवेदनों का त्वरित निपटान करने, अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उन्हें ऋण देने तथा समाज के हर वर्ग के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने हर बैंक शाखा को स्टैंड-अप इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के तहत कम से कम दो लोगों को ऋण मुहैया कराने के निर्देश दिए, ताकि जमीनी स्तर पर आर्थिक उन्नति हो सके। मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक जेपी यादव ने किसानों की आय दोगुनी करने के भारत सरकार के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए बैंकों से किसानों को अधिक ऋण सुविधाएं देने की अपील की। आरसेटी के निदेशक एचआर सभ्रवाल ने वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों व आगामी वर्ष की कार्य योजना साझा की। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम आतिश तोमर सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और बैंकों के समन्वयक मौजूद रहे।



नारनौल। बैंकर्स की बैठक लेते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

## जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए अगस्त में होगा डाटा संग्रहण

**रेवाड़ी।** जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए आवश्यक आंकड़ों के संग्रहण को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीटीएम जितेंद्र कुमार ने की। इस दौरान हरियाणा के जनगणना निदेशक ललित जैन ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि जिला जनगणना पुस्तिका के लिए जिले से संबंधित अद्यतन आंकड़ों का संग्रहण कार्य 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जाएगा। इसको लेकर कर्मचारियों को जनगणना निदेशालय की ओर से ट्रेनिंग भी दी जाएगी। जनगणना निदेशक ललित जैन ने कहा कि जिला जनगणना पुस्तिका विकास योजनाओं के निर्माण, नीतिगत निर्णयों तथा शोध कार्यों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज होती है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में सही एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित सूचनाओं का समय पर संकलन कर निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि डाटा की गुणवत्ता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने सभी विभागों से इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आह्वान किया। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल व जिला सांख्यिकी अधिकारी देवीदास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## इस सप्ताह मानसून के सक्रिय होने की उम्मीद, आज से मौसम में बदलाव के आसार

# तापमान में मामूली गिरावट नहीं दे रही राहत, गर्मी दिन भर छुड़ा रही पसीने

***बूंदाबांदी के बाद उमस बढ़ने से बढ़ रही लोगों की परेशानी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून सक्रिय नहीं होने के कारण गर्मी ने जमकर परेशान किया हुआ है। तापमान में मामूली गिरावट गर्मी का असर कम करने में बेअसर साबित हो रही है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के बाद उमस ने जमकर परेशान किया। बुधवार से मौसम में बड़ा बदलाव आने की संभावना है, जबकि इस माह के शुरू में ही मानसून सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। मंगलवार को सुबह के समय आंशिक बादलों के बीच कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। तेज धूप निकलते ही हवा में नमी के कारण उमस ने परेशान करना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री की गिरावट के साथ 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री बढ़कर 28.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर 45 प्रतिशत तक रहा। शाम तक गर्मी ने लोगों के शरीर का पसीना नहीं सूखने दिया। शाम के समय कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी तो हुई, परंतु इससे उमस कम होने की बजाय बढ़ गई। देर शाम तक बादल गहराने के कारण हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई थी।



रेवाड़ी। खेत में तैयार होती फसल व आसमान में छाए बादल। फोटो : हरिभूमि

### मानसून की दस्तक जल्द

मौसम विशेष डा. चंद्रमोहन के अनुसार एनसीआर में जल्द ही मानसून का आगमन होगा। इस क्षेत्र में आमतौर पर जून महीने के अंतिम दिनों में मानसून का आगमन हो जाता है, परन्तु इस साल मानसून का आगमन अपने निर्धारित समय पर नहीं हुआ। मानसून में देरी और अपेक्षाकृत कमजोर प्री-मानसून गतिविधियों का असर साफ तौर सम्पूर्ण इलाके पर तापमान में उछाल और कुछ स्थानों पर जून महीने के अंतिम दिनों हीट बेब लूं जैसे हालात बने हुए हैं। परन्तु आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में जल्द ही मानसून का आगमन होगा। हरियाणा यहां लगातार कमजोर बिखराव वाली प्री मानसून गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। जहां प्री मानसून गतिविधियां हों जातीं हैं, वहां मौसम सुहावना बन जाता है और जहां प्री मानसून गतिविधियां नहीं होती है वहां तापमान में उछाल और उमसभरी पसीना छूटाने वाली गर्मी रहती है।

### जल्द देखने को मिलेगा बदलाव

डा. चंद्रमोहन के अनुसार महीने की शुरूआत से ही मौसम में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। पहले सप्ताह के दौरान इस बदलाव का असर पहले उत्तरी जिलों पंचकूला अंबाला यमुनानगर कुरूक्षेत्र और चंडीगढ़ उसके बाद पूर्वी जिलों और धीरे धीरे दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों और बाद में पश्चिमी जिलों पर देखने को मिलेगा। साथ ही साथ हरियाणा एनसीआर दिल्ली में राहत भरी मानसून की बौछारों से जहां एक तरफ बढ़ते तापमान पर लगाम लगेगी। वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा के उत्तरी और और पूर्वी हिस्सों में लगातार बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

### पावर कट की वजह से और बढ़ रही परेशानी

भारी गर्मी के चलते कृषि और घरेलू क्षेत्र का बिजली लोड बढ़ गया है। बिजली की दैनिक खपत 95 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई है। बिजली निगम की ओर से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कट लगाए जा रहे हैं। भारी गर्मी में कट लगने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अच्छी बारिश के बाद ही बिजली की खपत कम होने की संभावना है। किसान भी बाजरे की बिजाई और सिंचाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

**सूचना**

मैं, भागीरथ पुत्र श्री धनसिंह पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी ग्राम बोदावास, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मान सिंह व पुत्रवधु अनिता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, ओम प्रकाश पुत्र श्री किशोरी लाल निवासी ग्राम पातुहेडा, तहसील बावल जिला रेवाड़ी, हरियाणा हाल निवासी वार्ड नंबर-13, आनन्द नगर, गैस एजेंसी रोड, बावल, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज व पुत्रवधु रेनू शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कृषि के नवीनतम नवाचारों पर आधारित कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

# प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही भविष्य की समृद्ध कृषि की नींव: मुख्यमंत्री नायब सिंह



रेवाड़ी। एफपीओ मिशन का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की अनिश्चितता भी बढ़ रही है। ऐसे में हरियाणा सरकार ने कृषि विकास का नया मंत्र दिया है।'उत्पादन भी बढ़े और प्राकृतिक संसाधन भी बचें।' उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि ऐसी कृषि पद्धतियां अपनाई जाएं, जो वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ धरती और पर्याप्त जल संसाधन भी सुरक्षित रखें। मुख्यमंत्री बावल स्थित कृषि महाविद्यालय में हरियाणा एफपीओ मिशन-2026 का शुभारंभ अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से कृषि के नवीनतम नवाचारों पर आधारित कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, फसल विविधिकरण और जलवायु अनुकूल कृषि को अपनी कृषि नीति का मूल आधार बनाया है। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग पर रोक लगाने के लिए 'हर खेत स्वस्थ खेत' और 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड' जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे मिट्टी की जांच करवाकर वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

### 'हरियाणा एफपीओ मिशन-2026' से सशक्त होंगे किसान: सीएम सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में आज से 'हरियाणा एफपीओ मिशन-2026' का शुभारंभ किया जा रहा है, जो छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में कृषि, बागवानी और डेयरी क्षेत्रों से जुड़े लगभग 775 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) सक्रिय हैं। नए मिशन के माध्यम से इन संगठनों को और अधिक मजबूत बनाते हुए कृषि आधारित सामूहिक उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराकर किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाया जाएगा।

## सीएम ने दी 125 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, बावल गर्ल्स कॉलेज के नए भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को बावल में जिले के लिए करीब सवा सौ करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल व भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी मौजूद थी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बावल स्थित महाविद्यालय परिसर में खेत बचाओ अभियान के समापन समारोह के दौरान बावल हलके की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें 19 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनाए गए राजकीय कन्या महाविद्यालय बावल, 20 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से बने नगरपालिका बावल के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा पार्किंग स्थल और तीन करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से बने पुलिस थाना रामपुरा के भवन का उद्घाटन किया गया।


रेवाड़ी। राजकीय कॉलेज बावल के भवन का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

इस मौके पर आईएमटी बावल के फेज-3 में 31 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड, माजरा एम्स के लिए 28 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले जल घर, 6 करोड़ 60 लाख रुपये से गांव रणसी माजरी में स्थापित होने वाले 33 केवी सब स्टेशन तथा गांव बिदावास में 8 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 33 केवी सब स्टेशन की आधारशिला रखी गई। विकास परियोजनाओं की श्रृंखला में गांव बिशनपुर गुज्जर माजरी, गुज्जरों की ढाणी से पीलियों वाली ढाणी तक 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाले लिंक रोड, 4 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से गांव बखापुर में बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 55 लाख रुपये की लागत से गांव मनेठी तथा 55 लाख रुपये की लागत से गांव भालखी माजरा के सब हेल्थ सेंटर का शिलान्यास किया गया।

### 'खेत बचाओ अभियान' को मिलेगी नई गति: श्याम सिंह

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'खेत बचाओ अभियान' को प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक माह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों को टिकाऊ एवं वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने का जन आंदोलन है। हरियाणा सरकार कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों तथा किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाकर किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल बचत और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति जागरूक करेगी। राणा ने किसानों से आह्वान किया कि वे मिट्टी की जांच करवाकर वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें तथा आवश्यकता से अधिक रासायनिक खाद के उपयोग से बचें। उन्होंने कहा कि संतुलित खाद का उपयोग न केवल मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि उत्पादन लागत कम करने, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए कृषि भूमि को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा के किसान इस अभियान को जनभागीदारी का आंदोलन बनाकर हरियाणा को टिकाऊ और समृद्ध कृषि का अग्रणी राज्य बनाएंगे।

### खेत बचाओ अभियान का समापन नहीं, बल्कि किसानों तक नवाचार पहुंचाने की नई शुरुआत: डॉ. मांगीलाल

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल जाट ने कहा कि 1 जून से 30 जून तक चले 'खेत बचाओ अभियान' का समापन वास्तव में नई शुरुआत है। पिछले एक महीने के दौरान किसानों के साथ साझा किए गए वैज्ञानिक नवाचारों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अब खेतों में लागू करने का समय आ गया है। डॉ. जाट ने कहा कि भारत सरकार और आईसीएआर द्वारा जिला स्तर पर फसलों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग संबंधी योजनाएं तैयार कर राज्य सरकारों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग करें तथा प्राकृतिक एवं स्थानीय संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने हरियाणा की कृषि को वर्ष 2047 तक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।


### देश की खाद्य सुरक्षा की मजबूत आधारशिला

समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से देश के कुल क्षेत्रफल का मात्र 1.3 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद हरियाणा कृषि क्षेत्र में अपनी अद्वितीय पहचान बनाए हुए है। हरियाणा देश के केंद्रीय खाद्यान्न भंडार में दूसरा सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य है, जो प्रदेश के किसानों की मेहनत, समर्पण और कृषि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश की खाद्य सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में शामिल हुए पीओ अर्जुन गुप्ता


रेवाड़ी। सम्मेलन में मौजूद पीओ अर्जुन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में रेवाड़ी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में नियुक्त पीओ अर्जुन गुप्ता शामिल हुए। केंद्रीय ग्राम्य विकास व कृषि मंत्री शिवराज चौहान की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में लखपति दीदी डेस्कबोर्ड का शुभारंभ तथा विकास योजनाओं से जुड़ी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर ग्राम-विकसित भारत के दृष्टिकोण के तहत 1 जुलाई से विकसित भारत जी राम जी योजना शुरू करने का साझा रोडमैप तैयार किया। अर्जुन गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को नई गति मिली है। सरकार का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों, विशेष कर महिलाओं, युवाओं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है। पीओ ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है और लखपति दीदी अभियान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। सम्मेलन में विभिन्न डिजिटल प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित विभिन्न रील्स और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।




गंगा सहाय
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
ADVANCED ICU & LATEST TECHNOLOGY

NABH PRE ACCREDITED

24x7 AMBULANCE FACILITY
INFERTILITY
GYNECOLOGICAL SURGERY
LAPROSCOPIC SURGERY

गुर्दे की पथरी एवं मूत्र रोग संबंधित समस्त प्रकार की चिकित्सा सुविधा विशेषज्ञ यूरोलॉजिस्ट द्वारा नियमित उपलब्ध




आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत मुफ्त ऑप्रेशन करवाने की सुविधा

गर्भवती महिलाओं की ओ.पी.डी. हर महीने की 9 तारीख को मुफ्त की जाती है।

Happy Doctors Day

» बी.पी.एच. » प्रोस्टेट कैंसर » पथरी
CYSTOSCOPY & HYSTEROSCOPY पर विशेष छूट

हेल्थ इंश्योरेंस के कार्ड धारकों के लिए कैश लेस इलाज

TPA LIST OF EMPANELMENT
• Future Generali Insurance.
• East West Assist Tpa Pvt Ltd. • Aps Health 4u Pvt Ltd.
• Rothshield Healthcare (tpa) Services Ltd.
• Shark Tpa Services Pvt • Ericson Tpa pvt. Ltd.
• Good Health Plan Services Tpa Pvt Ltd
• Md India Health Care Tpa Pvt Ltd.
• Vipul Medicorp Tpa • Med Save Tpa Pvt Ltd.
• Liberty Videcon Insurance Co. • Tata Aig Insurance Co.
• Bharti Axa Life Insurance Co. • Anyuta Tpa Pvt. Ltd.
• Safeway Tpa Services.
• ICICI Lombard Health Insurance.
• Go Digit General Insurance Limited
• Genins India Insurance Tpa Ltd.
• United Healthcare Parekh Insurance Tpa Pvt.ltd.
• Health Checkup Of All Insurance Company.
• Universal Sompo General Insurance Company Limited
• Health India Tpa • Anmol Medicare (tpa) Ltd.
• Spurthi Meditech (tpa) Solutions Pvt. Ltd.
• Grand Health Services Tpa Pvt.
• Dedicated Healthcare Services Tpa pvt. ltd
• Happy Insurance Tpa pvt. ltd
• Bridges Health Care Federation
• Focus Tpa Pvt. ltd. • Vidal Healthcare Tpa
• Sun Rise Medicrop Tpa Pvt Ltd
• Fhpl Tpa Pvt Ltd.Bajaj Allianz Health Insurance Co.
• Cigna T.t.k Health Insurance Co.
• Medi Assist India Tpa Pvt. Ltd.
• Sbi General Health Insurance.
• Care Health Insurance. • Chola Ms General Insurance
• Raksha Health Insurance Tpa Pvt. ltd

अब पेट, आंत एवं लीवर रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी 24x7 उपलब्ध

वजन घटाने, भोजन नली-आंत की रुकावट, कैंसर स्टेंटिंग, एंडोस्कोपी, दर्द प्रबंधन, एंटी-रिफ्लक्स इलाज, लिवर ट्रांसप्लांट और गैस्ट्रो इमरजेंसी सेवाएं अब अत्याधुनिक तकनीक से उपलब्ध।

असाध्य नहीं बवासीर और गुदा रोग
- यदि शौच में खून आता है तथा मस्से बाहर आते हैं
- यदि शौच करते समय गुदा में दर्द या जलन होना।
- यदि मल द्वारा के बाहर फुंसी है व मवाद गिरता है।
- अस्पताल में गुदा रोगों की दूरबीन व एंडोस्कॉपी से जांच तथा बवासीर, नासूर, फिस्टूला, फिशर, मस्सों व कैंसर की सभी बिमारियों का आधुनिक विधि व दवाईयों द्वारा स्थाई ईलाज की सुविधा उपलब्ध है।







गंगा सहाय मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. हेमेश्वर गुप्ता व डॉ. कविता गुप्ता दैनिक भास्कर हेल्थ अवार्डस् 2025 में स्वास्थ्य मंत्री, आरती सिंह राव द्वारा सम्मानित होते हुए

"काव्या सुकन्या योजना के तहत अस्पताल में जन्मी हर बेटी के अभिभावक को अस्पताल द्वारा 1100/- रुपये की राशि से सुकन्या योजना का खाता खुलवाकर उपहार स्वरूप दिया जाता है।"

सुविधाएं: • जनरल व लेप्रोस्कोपी सर्जरी
• पथरी का आप्रेशन • ERCP
• छाती, हृदय, पेट का ऑप्रेशन
• संबंधित ऑप्रेशन • हर्निया का ऑप्रेशन
• पित्त की पथरी का आप्रेशन
• अपेंडिक्स का ऑप्रेशन • आँख का ऑप्रेशन
• हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण का आप्रेशन
• दुर्घटना संबंधित आप्रेशन
• } नवजात शिशु व बाल रोग

नेत्र रोग — डॉ. सत्येन्द्र M.D.
जनरल सर्जन — डॉ. विनित कुमार M.S.
आर्थोपेडिक — डॉ. मनीष M.S.
क्रिटीकल केयर — डॉ. रवि M.D.
जनरल मेडिसन — डॉ. भूपेन्द्र सिंह
पैथोलॉजी — डॉ. नीलाक्ष कौल M.D.
न्यूरो सर्जरी — डॉ. मनीष M.S. D.N.B.
कैंसर रोग विशेषज्ञ — डॉ. कौशल यादव M.S. M.C.H. दूसरे व चौथे शुक्रवार
यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन — डॉ. अंकित गुप्ता M.S. M.C.H. प्रत्येक सोमवार
मूत्र एवं गदूद रोग — डॉ. अशोक गुप्ता M.S. M.C.H. प्रत्येक शुक्रवार, डॉ. दिपांशु M.S. M.C.H.
लेप्रोस्कोपिक सर्जन — डॉ. विनित M.S.
गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ — डॉ. सुक्रित सिंह सेठी DM (Gastroenterology)

पता : सैक्टर-3, हुड्डा बाईपास, हाऊसिंग बोर्ड के सामने, रेवाड़ी
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- Ph. 01274-261066, Mob. 9896273834

मूत्र रोग विशेषज्ञ। गेस्ट्रो रोग विशेषज्ञ। लिवर रोग व ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ। नेत्र रोग। हड्डी रोग। मेडिसन रोग
दूरबीन द्वारा घुटने एवं कंधे की समस्याओं का ईलाज। IUI, IVF की विशेष सुविधा। बांझपन से पीडित नव दंपतियों के जीवन में नई चमक